लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

गौतम नगर, भोपाल–462023, ईमेल– ictdpi@mp.gov.in

क्रमांक/IT सेल/साइबर सुरक्षा/2022–23/425 भोपाल, दिनांक :– 09-09-2022

प्रति,

1. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक,
   लोक शिक्षण मध्यप्रदेश।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, म.प्र.।
3. समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, म.प्र.।
4. समस्त प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य,
   शासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी विद्यालय, म.प्र.।

विषय :– साइबर सुरक्षा जागरूकता के संबंध में।

------0------

उपरोक्त विषयांतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग कार्यालयीन कार्यों में निरन्तर किया जा रहा है। जहां एक ओर आई.सी.टी. के उपयोग में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, वहीं दूसरी तरफ साइबर अटैक की सम्भावना और उससे होने वाले खतरे की सम्भावना भी बढ़ गयी है। अतः विभाग में कार्यरत समस्त अमले को साइबर सुरक्षा के विभिन्न दृष्टिकोण से अवगत होना अति आवश्यक है।

उक्त के संबंध में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जो सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते है, वे निम्नलिखित बातों को आवश्यक रूप से ध्यान में रखें :–

1. **पासवर्ड का उपयोग**– पासवर्ड बनाते समय बड़े अक्षरों, छोटे अक्षरों, संख्याओं और विशेष वर्णों के संयोजन का उपयोग करके कम से कम 8 वर्णों वाले जटिल पासवर्ड बनायें।
2. **बहु–कारक प्रमाणीकरण**–जहां कहीं भी उपलब्ध हो, बहु–कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें। (जैसे पासवर्ड और मोबाइल पर ओ.टी.पी.)
3. अपने डाटा और फाइलों को सिस्टम ड्राइव (उदाःc:/या root\) के स्थान पर कम्प्यूटर में सेकेंडरी ड्राइव पर सेव करें (उदाःd:/e:/) आदि।
4. अपने महत्वपूर्ण डेटा का ऑफलाइन बैकअप समय–समय पर बनाये।
5. अप्रचलित, पुराने या आउट–डेटेड ऑपरेटिंग सिस्टम का उपयोग न करें। अपने ऑपरेटिंग सिस्टम को हमेशा नवीनतम अपडेट के साथ रखें।
6. अपने आधिकारिक डेस्कटॉप/लैपटॉप पर सरकार द्वारा प्रस्तावित इंटरप्राइज एंटीवायरस क्लाइंट इंस्टॉल करें। यह सुनिश्चित करें कि एंटीवायरस क्लाइंट नवीनतम वायरस परिभाषाओं और हस्ताक्षरों के साथ अद्यतन है एवं अधिकृत और लाइसेंस प्राप्त सॉफ्टवेयर का ही प्रयोग करें।
7. जब आप अपनी डेस्क को अस्थायी रूप से छोड़ते हैं तो अपने कम्प्यूटर को हमेशा लॉग ऑफ करें अथवा इसे लॉक करें।
8. जब आप कार्यालय छोड़ते हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपका कम्प्यूटर और प्रिंटर ठीक से शटडाउन है।
9. अपने कम्प्यूटर और मोबाइल फोन पर GPS (Global Positioning System), ब्लूटूथ, NFC (Near Field Communication) और अन्य सेंसर हमेशा बंद रखें, आवश्यकता पड़ने पर ही इन्हें चालू करें।
10. गूगल (एंड्रायड के लिए) और एप्पल (आईओएस के लिए) के आधिकारिक ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें।
11. किसी अज्ञात प्रेषक द्वारा भेजे गए ईमेल में निहित किसी भी लिंक या अटैचमेंट को न खोलें। संदेहास्पद ईमेल या किसी भी सुरक्षा घटना की सूचना incident@cert-in.org.in और incident@nic-cert.nic.in पर दें।

12. एक से अधिक सेवाओं / वेबसाइटों / ऐप्स में एक ही पासवर्ड का उपयोग न करें।
13. अपने पासवर्ड को ब्राउजर में या किसी भी असुरक्षित दस्तावेज में सुरक्षित (save) न करें।
14. किसी भी पायरेटेड सॉफ्टवेयर को इंस्टॉल अथवा उपयोग न करें (उदाहरणः cracks, keygen, आदि)।
15. प्रिंटर को इंटरनेट एक्सेस की अनुमति न दें।
16. किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साझा की गई यूएसबी ड्राइव सहित किसी भी अनधिकृत बाहरी डिवाइस को प्लग–इन न करें।
17. आधिकारिक संचार के लिए किसी बाहरी ईमेल सेवा का उपयोग न करते हुये केवल कार्यालयीन ईमेल का ही उपयोग करें। (email.gov.in or mp.gov.in)

उक्त निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

7/9/22

(के.के.द्विवेदी)
संचालक
लोक शिक्षण म0प्र0।

क्रमांक / IT सेल / साइबर सुरक्षा / 2022–23 / 426 — भोपाल, दिनांक :– 09-09-22

प्रतिलिपिः–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन।
2. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग।
3. निज सचिव आयुक्त, लोक शिक्षण मध्यप्रदेश।
4. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल।
5. निज सचिव संचालक, लोक शिक्षण मध्यप्रदेश।
6. निज सचिव, अपर संचालक, लोक शिक्षण मध्यप्रदेश।
7. समस्त उपसंचालक एवं सहायक संचालक लोक शिक्षण मध्यप्रदेश।
8. जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान समस्त जिले मध्यप्रदेश।
9. आई.टी. कॉर्डिनेटर / सहायक कॉर्डिनेटर।
10. जिला वोकेशनल्ल कॉर्डिनेटर।
11. समस्त सहायक अधीक्षक, लोक शिक्षण मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

7/9/22

संचालक
लोक शिक्षण म0प्र0।